# कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, महोबा

(ई–प्रोक्योरमोण्ट नोटिस)

–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना–

पत्रांक सं0 170 /स0क0/मु0मंत्री0सा0वि0यो0/उपहार सामग्री/2026–27 दिनांक 13 मई, 2026

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु सामूहिक विवाह हेतु आवंटित लक्ष्य 578 युगलों को सामूहिक विवाह संपन्न कराने हेतु वैवाहिक जोड़ो को दी जाने वाली उपहार सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा अर्ह ठेकेदारों से निविदा अपलोड किये जाने की तिथि से अन्तिम तिथि 10 दिवस की होगी। उपहार सामग्री हेतु धनराशि सहित अन्य का विवरण निम्नवत् हैः–

| कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत उपहार सामग्री हेतु | 1,44,50000/– | 1,44,500/– | 2720/– | सामूहिक विवाह की निर्धारित तिथि के तीन दिन पूर्व आयोजन संस्थाओं को उपहार सामग्री उपलब्ध करनी होगी। |

उक्त बिड से सम्बन्धित विस्तृत नियम व शर्तों सहित अन्य समस्त विवरण ई–प्रोक्योरमोण्ट की बेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। बिडर को सलाह दी जाती है कि नियम व शर्तो को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

(शशिकान्त सिंह)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
महोबा।

प्रतिलिपि – विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित है कि अपने समाचार पत्र में विज्ञान शासकीय न्यूनतम दरों पर प्रकाशित कर बीजक भुगतान हेतु दो प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
महोबा।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा की सामान्य शर्तें:–

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवंटित कुल आवंटित लक्ष्य 578 कन्याओं के सामूहिक विवाह संपन्न कराने हेतु वैवाहिक जोड़ों को दी जाने वाली उपहार सामग्री की आपूर्ति हेतु सरकारी/अर्द्ध सरकारी/गैर सरकारी संस्थाएं जो निर्धारित औपचारिकताएं पूर्ण करती है। वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रति जोड़ा की दर से सामग्री पर अधिकतम दर रु0 25000/– मात्र निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नवत है :–

| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | वैवाहिक सामग्री | नग | मीटर | अन्य विवरण | अधिकतम अनुमानित दर (जी0एस0टी0 वं अन्य कर सहित) | कुल लागत धनराशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
| 01 | साड़ी ब्लाउज सहित | 05 नग | 5.50 मी0 | 01 नग ब्राइडल साड़ी/लहंगा। 02 नग कढ़ाईयुक्त साड़ी। 02 नग प्रिन्टेड (साड़ी सर्वोन्तम गुणवत्ता की)। | रु0 25000/– (रु0 पच्चीस मात्र) | 14450000/– | 2720/– |
| 02 | पेटीकोट | 05 नग | – | साड़ी से मैचिंग, सिला हुआ। | | | |
| 03 | चुनरी | – | 2.25 मी0 | कढ़ाईयुक्त। | | | |
| 04 | पैन्ट का कपड़ा | – | 1.20 मी0 | सियाराम/रेमण्ड/विमल/अरविन्द | | | |
| 05 | शर्ट का कपड़ा | – | 2.25 मी0 | सियाराम/रेमण्ड/विमल/अरविन्द | | | |
| 06 | फेंटा/गमछा | | 2.25 मी0 | | | | |
| 07 | चाँदी की पायल | 01 जोड़ी | – | 65 टंच–30 ग्राम। | | | |
| 08 | चाँदी की बिछिया | 01 जोड़ी | – | 65 टंच–10 ग्राम। | | | |
| 09 | डिनर सेट | – | – | स्टेनलेस स्टील 08 कि0ग्रा0 पैकिंग के अतिरिक्त। | | | |
| 10 | कुकर | – | 05 ली0 | हॉकिन्स/यूनाटेड/प्रेस्टीन | | | |
| 11 | कढ़ाडी | – | एल्यूमीनियम 05 कि0ग्रा0 | | | | |
| 12 | ट्रॉली बैग | – | 47(B)×28(D)×66(H) | सफारी/एरीस्टोक्रेट/वीआईपी/अमेरिकन टूरिस्ट | | | |
| 13 | वैनिटी किट | 01 नग | – | फाइबर बॉक्स में (16 आइटम सहित)। | | | |
| 14 | दीवार घड़ी | – | – | अजन्ता/टाईटन | | | |
| 15 | सीलिंग फैन | 01 नग | 1200 एम0एम0 | क्रोम्पटन/खेतान/बजाज/हैवल्स/ऊषा/पोलर | | | |
| 16 | कूल केज | – | 10 ली0 | सेलो/मिल्टन/न्यासा | | | |
| 17 | आयरन प्रेस | 01 नग | – | क्रोम्पटन/खेतान/बजाज/हैवल्स/ऊषा/पोलर/फिलिप्स | | | |
| 18 | डबल बेड चादर | 01 नग | 228.6×254 सेमी0 | – | | | |
| | पिलो कवर | 02 नग | – | तकिया के माप का सहित उत्तम गुणवत्तायुक्त। | | | |
| 19 | कम्बल | 02 नग डबल लेयर | प्रत्येक 160×230 सेमी0 | उत्तम गुणवत्तायुक्त। | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | गद्दा/मैट्रेस | 02 नग सिंगल बेड (PU फोम) कवर के साथ | (182.88से0मी0×91.44से0मी0) मोटाई–7.62 से0मी0 प्रत्येक | — | | | |
| 21 | तकिया | 02 नग | 45.72×68.58 से0मी0 प्रत्येक | उत्तम गुणवत्तायुक्त। | | | |
| 22 | सिन्होरा | — | — | ऊँचाई/लम्बाई 18 से0मी0 न्यूनमत | | | |
| 23 | चूड़ी(लाल काँच की) | 02 दर्जन | — | — | | | |
| 24 | कंगन | 04 नग | — | लाख पदार्थ का। | | | |

## नियम एवं शर्ते

1– युगलों को दी जाने वाली उपहार सामग्री से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding Documents) बेबसाइट htt://etender.up.nic पर उपलब्ध रहेगे, जो बेबसाइट से निवितादाता प्राप्त कर सकेगा।

2– ई–टेण्डर की बेबसाइट htt://etender.up.nic पर निविदादाताओं द्वारा निविदा करने का समय निविदा अपलोड किये जाने की तिथि से अन्तिम तिथि 10 दिवस की होगी। निविदादाता द्वारा निविदायें अन्तिम तिथि को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन अपलोड की जा सकेगीं, बेबसाइट पर अपलोड निविदाओं की निविदा को आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि के तकनीकि निविदायें अपरान्ह 4.00 बजे तद्नुसार गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी तथा निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर कार्यालय यदि बन्द रहता है तो निविदाएं अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर ऑनलाइन खोली जायेंगी तथा निविदाओं की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। वित्तीय निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय की सूचना ऑनलाइन दी जायेगी।

3– प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य जो कालम संख्या–08 में अंकित है, बैंक डिमांड ड्राफ्ट जिला समाज कल्याण अधिकारी, महोबा के नाम पर जमा करें। बैंक डिमांड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

4– निविदा की कुल लागत धनराशि रू0 1,44,50,000/– है, जो ई–टेण्डर की कुल धनराशि का 01 प्रतिशत रू0 1,44,500/– ई0एम0डी0 (धरोहर धनराशि) निर्धारित की गई है, ई0एम0डी0 की धनराशि जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के माध्यम से देय होगी। ई0एम0डी0 बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 जो कि जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा के पदनाम के पक्ष में होगी, तकनीकि निविदा मे ऑनलाइन अपलोड की जायेगी। निविदादाताओं को निविदा खुलने की तिथि के पूर्व ई0एम0डी0 बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 की मूल प्रति कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त ई०एम०डी० की धनराशि से किसी भी सरकारी/गैर सरकारी फर्म को छूट अनुमन्य नहीं है। जिन निविदादाताओं की निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। उनकी अर्नेस्टमनी लिखित प्रार्थना पत्र देने के पश्चात वापस कर दी जायेगी तथा जिनकी निविदा स्वीकृत की जायेगी उस निविदादाता की अर्नेस्टमनी कार्य सम्पन्न होने तक बंधक रहेगी। निविदा कार्य सकुशल समाप्त होने पर यह धनराशि वापस कर दी जायेगी। इसके साथ ही नमूना सामग्री भी जमा करना अनिवार्य होगा।

(I)– सफल निविदादाता को विड मूल्य रू0 14450000/– का 5 प्रतिशत 7,22,500/– जमानत राशि जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के माध्यम जमा करना अनिवार्य होगा।

5– निविदादाता का 03 वर्ष (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) का वार्षिक टर्नओवर ई–टेण्डर पर अनुमानित लागत का कम से कम 30 प्रतिशत होना अनिवार्य है।

6– निविदादाता निविदा प्रपत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे–

(i)– निविदादाता के पास 03 वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 का आयकर प्रमाण पत्र एवं सी०ए० द्वारा आडिटेड बैलेंस शीट, जी०एस०टी० सर्टिफिकेट, अंतिम माह का जी०एस०टी० अदायगी का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाये।

(ii)– 100 रुपया के स्टाम्प पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि फर्म को किसी भी सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में न डाला गया हो एवं न्यायालय में किसी प्रकार का विवाद न हो, बैंक दिवालिया न हो

(iii)– सम्बन्धित प्रकृति की सामग्री आपूर्ति कार्य करने का विगत 03 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र।

(iv)– जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।

7– फर्म द्वारा निविदा में दर्शायी गयी सामग्रियों का कुल मूल्य रु 25,000/– (सभी कर और माल भाड़ा सहित) से अधिक मान्य नहीं होगा।

8– वर्तमान में शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कुल 578 जोड़ो का विवाह संपन्न किया जाना है। लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में घटाया या बढाया जा सकता है। वास्तविक आपूर्ति की मांग सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले कुल जोड़ों की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी तथा सामग्री की टूट–फूट या निर्धारित गुणवत्ता युक्त सामग्री न होने की दशा में तत्काल बदलनी होगी।

9– विवाह कार्यक्रम समिति किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार रखती है। निविदा की स्वीकृत दरों के सापेक्ष सर्वोत्तम गुणवत्ता को ध्यान में रख कर ही निविदा की स्वीकृति की जाएगी। गुणवत्ता के सम्बन्ध में जिला विवाह कार्यक्रम समिति का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।

10– फर्म को अपने पक्ष में प्राप्त आपूर्ति आदेश की वस्तुएं अपने स्तर से ही आपूर्ति करनी होंगी। फर्म सामग्री का कोई अंश/मांग अन्य फर्म को आपूर्ति करने हेतु स्थानांतरित नहीं कर सकता।

11– निविदा स्वीकृत होने पर फर्म को 100/– के ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर स्वयं के खर्चे पर जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा के नाम एक अनुबंध पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें निविदा की शर्तो के अधीन कार्य सम्पादित करने की सहमति होगी। निविदा अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि के पश्चात् निविदा प्रपत्रों में आवश्यक संशोधन किये जाने का अधिकार अध्यक्ष टेंडर/विवाह कार्यक्रम समिति का होगा।

12– समस्त सामग्री आयोजन स्थल तक पहुंचाने का दायित्व निविदादाता का होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

13– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

14– किसी भी विवाद की दशा में विवाह कार्यक्रम समिति का निर्णय अंतिम होगा व न्यायालय की परिधि महोबा जनपद की होगी।

15– यह निविदा 31 मार्च 2027 तक होने वाले सामूहिक विवाहों के लिए वैध होगी।

16– निविदादाता द्वारा इस निविदा के अन्तर्गत दी गयी शर्तो को स्वीकार करने का प्रमाण पत्र अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

17– सफल निविदादाता प्रत्येक वधू को चाँदी की पायल व बिछिया के पैकेट के साथ निर्माता द्वारा प्रदत्त मात्रा व शुद्धता का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| जिला समाज कल्याण अधिकारी<br>महोबा। | उपायुक्त<br>जिला उद्योग केन्द्र, महोबा। | जिला पूर्ति अधिकारी<br>महोबा। |
| जिला कार्यक्रम अधिकारी<br>महोबा। | जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी<br>महोबा। | जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी<br>महोबा। |
| जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)<br>महोबा। | जिला रोजगार सहायता अधिकारी<br>महोबा। | प्रधानाचार्य<br>रा0बा0इ0का0 महोबा। |
| | वरिष्ठ कोषाधिकारी<br>महोबा | [illegible] अधिकारी<br>महोबा |

Signature Not Verified
Digitally signed by SHASHIKANT SINGH
Date: 2026.05.13 14:33:42 IST
Location: Uttar Pradesh-UP